CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 295 ▫ रायपुर, शुक्रवार 20 नवम्बर 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

चक्रवात 'अकवान' ओडिशा के गोपालपुर तट से टकराया

छत्तीसगढ़ समेत 10 राज्यों में तेज बारिश



रायपुर, 20 नवंबर (हाईवे चैनल)। चक्रवाती तूफान अकवान का असर देखने को मिल रहा है। शुक्रवार सुबह 7 बजकर 30 से 8 बजकर 30 मिनट पर ओडिशा के बीच गोपालपुर तट से टकरा गया है। अगले दो घंटे तक तूफान का ताडंव जारी रह सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 70 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा चल रही है। इस चक्रवात से छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश व पश्चिम बंगाल सहित 10 राज्यों में तेज बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, तूफान पिछले 6 घंटों में 21 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ा है।

ओडिशा से 3 लाख लोग शिफ्ट, 69 ट्रेनें रद्द: ओडिशा में करीब तीन लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। इनके लिए 2 हजार 523 राहत शिविर बनाए गए हैं और 423 रेस्क्यू टीमें तैनात हैं। चक्रवात के कारण पूर्वी रेलवे ने 41 ट्रेनें और दक्षिण पूर्व रेलवे ने 28 एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द की हैं, जबकि 29 ट्रेनों का समय बदला गया है। पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले के अलग-अलग हिस्सों में बारिश जारी है। सुंदरबन के तटीय इलाकों में बारिश के साथ तेज हवाएं चल रही हैं। लगातार हो रही बारिश से नदियों में जल स्तर बढ़ गया है। प्रशासन ने सावधानी बरतते हुए मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी है। बक्खाली और गंगासागर समेत बड़े पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। तेज लहरों को देखते हुए लोगों को समुद्र में जाने से रोका जा रहा है। जिसकी निगरानी भी की जा रही है। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम तट पर 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं और समुद्र में लहरें उठ रही हैं। विशाखापट्टनम पर साइक्लोन का खतरा टल गया है, लेकिन आज पूरे उत्तरी आंध्र में आंधी-बारिश होने की आशंका है। वहीं श्रीकाकुलम जिले के सोमपेटा इलाके में समुद्र में ऊंची लहरें उठने के कारण मछुआरों ने मछली पकड़ने का काम रोक दिया है।

छत्तीसगढ़ में अगले 5 दिन असर 9 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

पोस्ट मानसून सीजन के तीसरे चक्रवाती तूफान अकवान का असर रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में दिखना शुरू हो गया है। अगले 5 दिनों तक जारी रह सकता है। रायपुर में गुरुवार को सुबह से ठंडी हवाएं चलीं, रात में रुक-रुककर बारिश हुई। शुक्रवार सुबह से बारिश जारी है। मौसम विभाग ने 20 और 21 नवंबर को प्रदेश के दक्षिण, उत्तर और मध्य क्षेत्रों में बारिश की गतिविधियां तेज होने की संभावना जताई है। कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और एक-दो जगह भारी बारिश के साथ गरज-चमक, आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा 22 से 25 नवंबर तक कुछ जगहों पर बारिश होने की संभावना है, जिससे अगले 48 घंटे अहम रहने वाले हैं। मौसम विभाग ने आज जशपुर, बलरामपुर, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बलौदा बाजार, गरियाबंद, महासमुंद, बस्तर और कोंडागांव जिलों के अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने का अलर्ट जारी किया है।

'अकवान' का धमतरी जिले में दिखने लगा असर, रातभर होती रही बूंदाबांदी

आसमान में छाए रहे बादल बेमौसम बारिश से धान और सब्जी की फसलों पर मंडराया खतरा, जनजीवन भी प्रभावित



धमतरी, 20 नवम्बर (हाईवे चैनल)। चक्रवात अकवान का असर अब धमतरी जिले में भी साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। गुरुवार रात से ही मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। हवाओं की गति बढ़ने के साथ ही बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया, जो पूरी रात रुक-रुककर जारी रहा। वहीं शुक्रवार सुबह से भी हल्की बारिश और फुहारें पड़ने का सिलसिला बना हुआ है। आसमान में सुबह से ही घने बादल छाए रहे, जिसके चलते मौसम में ठंडक घुल गई और जनजीवन प्रभावित नजर आया। मौसम के इस अचानक बदले मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिले में इन दिनों खेतों में धान की फसल खड़ी है और कई स्थानों पर फसल कटकर तैयार है। ऐसे समय में बेमौसम बारिश किसानों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। लगातार नमी और बारिश से धान की फसल को नुकसान पहुंचने, खेतों में पानी भरने तथा कटाई कार्य प्रभावित होने की आशंका है। वहीं सब्जी उत्पादक किसानों के सामने भी संकट खड़ा हो गया है।

बारिश और तेज हवाओं से सब्जियों की फसल प्रभावित होने तथा उत्पादन पर असर पड़ने की चिंता सताने लगी है। किसानों का कहना है कि खेती-किसानी का काम मौसम पर काफी हद तक निर्भर रहता है। ऐसे में फसल तैयार होने के समय अचानक हुई बारिश उनकी मेहनत और लागत पर पानी फेर सकती है। यदि मौसम का यही रुख आगे भी जारी रहता है तो कृषि कार्यों के साथ ही फसल की गुणवत्ता और उपज पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इधर मौसम में आए बदलाव का असर आम जनजीवन पर भी दिखाई देने लगा है। सुबह से रुक-रुककर हो रही फुहारों के कारण सड़कों और बाजारों में सामान्य दिनों की अपेक्षा आवाजाही प्रभावित रही। आसमान में बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने से लोगों को मौसम में बदलाव का एहसास हुआ। रोजमर्रा के कामकाज के लिए घरों से निकलने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन का आंदोलन स्थगित

स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा के बाद लिया फैसला, एक महीने का दिया अल्टीमेटम

रायपुर, 20 नवम्बर (हाईवे चैनल)। नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ ने अपना अनिश्चितकालीन आंदोलन स्थगित कर दिया है। आंदोलन के दूसरे दिन ही स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा संघ के पदाधिकारियों को चर्चा के लिए बुलाया गया, जहां विभिन्न मांगों को लेकर सार्थक बातचीत हुई। स्वास्थ्य मंत्री की ओर से मिले आश्वासन के बाद संघ ने एक महीने का अल्टीमेटम देते हुए आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया है।

संघ के अनुसार, चिकित्सा शिक्षा विभाग में 1,000 स्टाफ नर्सों की नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसकी घोषणा 12 मई 2026 को की गई थी। पूर्व से कार्यरत संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को उनके अनुभव के आधार पर प्राथमिकता देने अथवा अतिरिक्त बोनस अंक प्रदान करने का आश्वासन दिया गया है। इसके अलावा, नियमित भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के 10 हजार रुपये के वेतन में वृद्धि करने के लिए भी शासन स्तर पर प्रयास किए जाने का आश्वासन मिला है। इसी आश्वासन के आधार पर संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी ज्वाइन की है। संघ ने बताया कि वर्ष 2018 में गठित कमेटी की अनुशंसाओं के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर शासन स्तर पर भेज दिया गया है। वहीं, ग्रेड पे, नर्सिंग अलाउंस और ड्रेस अलाउंस से संबंधित मांगों पर आदेश जारी करने के लिए संघ ने सरकार को एक महीने का समय दिया है। निर्धारित समय में मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने की स्थिति में संघ आगे की रणनीति तय करेगा। फिलहाल, एक महीने का अल्टीमेटम देकर आंदोलन स्थगित कर दिया गया है।

ग्रामीणों को मिला अपने घर का कानूनी हक, स्वामित्व योजना में बलरामपुर-रामानुजगंज जिला प्रदेश में अव्वल

रायपुर, 20 नवम्बर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में ग्रामीणों को उनकी आबादी भूमि और मकान का कानूनी अधिकार दिलाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें आदिवासी बहुल बलरामपुर-रामानुजगंज जिले ने बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरू हुई स्वामित्व योजना में जिले ने लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत प्रगति हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिले के 160 ग्रामों में 801 अधिकार अभिलेख तैयार कर सभी हितग्राहियों को सौंप दिए गए हैं।

राज्य सरकार ने राजस्व प्रशासन को पारदर्शी, समयबद्ध और तकनीक आधारित बनाने को अपनी प्राथमिकता में रखा है। इसका असर जिले में योजना के हर चरण में दिखा। अधीक्षक भू-अभिलेख की 18 नवम्बर की रिपोर्ट के अनुसार जिले के 188 ग्रामों में ड्रोन सर्वे पूरा हुआ। सर्वे ऑफ इंडिया से प्राप्त 179 ग्रामों के मैप-1 का भौतिक सत्यापन कर उन्हें वापस भेजा गया, जिससे अब कोई मैप-1 लंबित नहीं है।

ब्रेकिंग न्यूज

सीएम योगी आदित्यनाथ की मां का निधन, लंबे समय से थीं बीमार, पैतृक गांव में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से परिवार और शुभचिंतकों में शोक का माहौल है। वह पौड़ी गढ़वाल जिले के पंचूर गांव स्थित अपने पैतृक आवास में रहती थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने आज सुबह 11 बजे उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल स्थित अपने पैतृक गांव पंचूर में अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार, सावित्री देवी का अंतिम संस्कार कल शनिवार को हरिद्वार में किया जाएगा।



सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, पांच घायल

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (न्यूज चैनल)। जम्मू-कटरा हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। हादसे में जान गंवाने वाले तीनों लोग मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान कर्मजीत कौर सिंधु, पवनधीर सिंधु और अमरिंद्र सिंधु के रूप में हुई है।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, ट्रंप, पुतीन और शी ने एक त्रिपक्षीय बैठक में 'शांति घोषणा' जारी की है।
चुहिया- हां जी, लेकिन यही तीन लोग तो युद्ध करते-करवाते हैं..!

अतिक्रमण हटाने पहुंचे अधिकारी, तो महिला ने पी लिया जहर, 50 हजार मांगने का आरोप



जांजगीर-चांपा, 20 नवम्बर (हाईवे चैनल)। जिले में धान खरीदी शुरू होने से पहले ही खरीदी केंद्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नवागढ़ ब्लॉक के सिउड़ गांव में धान खरीदी केंद्र के पास स्थित शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंची राजस्व टीम के सामने एक महिला ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या की कोशिश की। घटना के बाद तहसीलदार, पंचायत प्रतिनिधि और धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक को कार्रवाई रोककर वापस लौटना पड़ा। महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। वहीं, महिला ने गांव के उपसरपंच, धान खरीदी केंद्र प्रबंधक और एक अन्य व्यक्ति पर अतिक्रमण नहीं हटाने के एवज में 50 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। दरअसल, सिउड गांव का धान खरीदी केंद्र स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और अतिक्रमण हुए मकानों से घिरा हुआ है। वही छोटे से झोपडी नुमा मकान में विजय कुमारी धीवर भी अपनी बेटी के साथ रहती थी। 6 माह पहले उसने कुछ ईंटो को रचकर तीन फीट में ही टीन का छत बनाया था और उसमें रह रही थी। आरोप है कि उसी समय धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक राजू और उप सरपंच ने उससे 50 हजार रुपये की मांग की। इतना ही नहीं पैसा ना देने पर घर को तोड़वाने की धमकी दी।

गैंगस्टर नसीम दुर्रानी का एनकाउंटर

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में दिल्ली पुलिस और नोएडा स्पेशल टास्क फोर्स (स्क्वॉड) की एक संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में कुख्यात गैंगस्टर नसीम दुर्रानी मारा गया। मिली जानकारी के अनुसार, दुर्रानी कथित तौर पर समीर नाम के एक युवक की हत्या में शामिल था, जिसे दो दिन पहले कपिल मिश्रा के दफ्तर के बाहर गोली मारकर मार दिया गया था। इस घटना के बाद से ही पुलिस टीमें दुर्रानी की गतिविधियों पर नजर रख रही थीं और उन्हें उसके बुलंदशहर में होने की खुफिया जानकारी मिली थी। इस जानकारी के आधार पर, दिल्ली पुलिस और नोएडा स्क्वॉड की एक संयुक्त टीम ने उसे पकड़ने के लिए एक ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ हुई, जिसमें दुर्रानी मारा गया।

जंगल में अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीम पर हमला, टीआई समेत 4 घायल, तीन आरोपी गिरफ्तार



गरियाबंद, 20 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सरकारी वनभूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम पर हमले का मामला सामने आया है. उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के करका जंगल में सरकारी वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंची टीम पर अतिक्रमणकारियों ने हमला कर दिया. इस कार्रवाई में महिला वनकर्मियों समेत 400 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी तैनात रहे। अतिक्रमणकारियों के हमले में खल्लारी थाना प्रभारी टुमनलाल डडसेना, महिला वनरक्षक परमेश्वरी और ललिता के अलावा सुरक्षा श्रमिक यज्ञ मालती चोटिल हुई हैं. पूरा मामला आरसीकन्हार रेंज का है. वन अमले ने इसकी शिकायत खल्लारी थाना क्षेत्र में की है।

जानकारी के मुताबिक, अतिक्रमण को हटाने के लिए वन विभाग और पुलिस की टीम महादनी के उद्गम स्थल क्षेत्र करका गांव के जंगल पहुंचे. यहां कार्रवाई के दौरान लोगों ने विरोध जताते हुए बहस शुरू कर दी. देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया. अतिक्रमणकारियों ने आजगनी की कोशिश और पुलिस टीआई के साथ महिला वनकर्मी पर हमला किया। घटना की पुष्टि करते हुए उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों श्याम लाल (55 वर्ष), देवलाल नेताम (40 वर्ष) और योगेश कुमार (28 वर्ष) को अतिक्रमण के आरोप में हिरासत में लिया गया है. उनके खिलाफ वन्य अपराध अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। वन विभाग के अनुसार, पिछले करीब एक दशक में इस क्षेत्र में लगभग सवा लाख पेड़ों की कटाई और नुकसान हुआ है. वहीं 102.45 हेक्टेयर आरक्षित वनभूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया था. इस खुलासे ने जंगलों की सुरक्षा और वनभूमि पर अवैध कब्जे को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

राजस्थान पंचायत चुनाव: कांग्रेस को भारी बढ़त, 869 सीटें जीतीं; भाजपा के खाते में अब तक आईं 536 सीटें



नई दिल्ली, 20 नवम्बर (न्यूज चैनल)। राजस्थान में पंचायत समिति सदस्य चुनाव के नतीजों में कांग्रेस ने भाजपा पर बड़ी बढ़त बना ली है। अब तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 35 जिलों की 182 पंचायत समितियों की 1,747 सीटों के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इनमें कांग्रेस ने 869 सीटें जीतकर पहला स्थान हासिल किया है, जबकि भाजपा 536 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर है। दोनों प्रमुख दलों के बीच जीत का अंतर 333 सीटों का है। घोषित नतीजों में कांग्रेस को करीब 50 फीसदी सीटें मिली हैं, जबकि भाजपा का आंकड़ा करीब 31 फीसदी है। निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 154 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने 129 सीटें जीतकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) को 25, माकपा को 18, बसपा को 15 और आम आदमी पार्टी को एक सीट मिली है।

प्रदेश में पंचायत समितियों की कुल 8,245 सीटें हैं। ऐसे में अब तक घोषित नतीजे कुल सीटों के करीब पांचवें हिस्से के हैं। शेष सीटों के परिणाम आने के बाद राजनीतिक तस्वीर और स्पष्ट होगी। कोटा, बारां, श्रीगंगानगर और करौली में मतगणना 17 दिसंबर को प्रस्तावित है।

मणिपुर: सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में उग्रवादी ढेर प्रतिबंधित केसीपी संगठन के कई सदस्य गिरफ्तार



नई दिल्ली, 20 नवम्बर (न्यूज चैनल)। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में शुक्रवार सुबह सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया है। अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम पटसोई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले युरेमबाम इलाके में तलाशी अभियान चला रही थी, इसी दौरान छिपे हुए उग्रवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक उग्रवादी ढेर हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में मारा गया उग्रवादी प्रतिबंधित संगठन कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के एक गुट से जुड़ा था।

वहीं, एक अन्य अधिकारी के अनुसार, इस अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर इस प्रतिबंधित संगठन के कई अन्य उग्रवादियों को भी गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि मई 2023 में मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद से सुरक्षाबल राज्य के संवेदनशील इलाकों में शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए लगातार तलाशी और धरपकड़ अभियान चला रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, राज्य में जारी इस जातीय संघर्ष में अब तक कम से कम 306 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 49 लोग लापता हैं। हिंसा के चलते हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। इसके अतिरिक्त, इस साल फरवरी से राज्य के पहाड़ी जिलों में कुकी और नगा समुदायों के बीच हुई झड़पों में भी कम से कम 50 लोगों की जान जा चुकी है।